**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 328**
**दिनांक 22 जुलाई, 2025 / 31 आषाढ़, 1947 (शक) को उत्तर के लिए**

**मादक पदार्थों की जब्ती**

**+328. श्री एडवोकेट अदूर प्रकाश:**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) विगत पाँच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान मादक पदार्थों की जब्ती का राज्य-वार ब्यौरा क्या है और इस संबंध में दर्ज मामलों की संख्या क्या है;**

**(ख) विगत पाँच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान अंतर्राष्ट्रीय गिरोहों से जुड़ी भारी मात्रा में मादक पदार्थों की जब्ती के मामलों में जाँच, निष्कर्ष और की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;**

**(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि देश में युवाओं में मादक पदार्थों की लत चिंताजनक रुप से बढ़ रही है; और**

**(घ) क्या सरकार इस बढ़ती हुई समस्या को नियंत्रित करने के लिए और अधिक सक्रिय उपायों पर विचार कर रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं?**

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री नित्यानंद राय)**

(क): राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा प्रकाशित वर्ष 2022 से संबंधित नवीनतम आंकड़ों के अनुसार; वर्ष 2018 से 2022 के दौरान स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत की गई जब्तियों और दर्ज किए गए मामलों का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्योरा क्रमशः अनुलग्नक-I और II में दिया गया है।

**लोक सभा अता.प्र.सं. 328, दिनांक 22.07.2025**

(ख): भारी मात्रा में मादक पदार्थों की जब्ती जिसमें अंतर्राष्ट्रीय रैकेट भी संलिप्त हों, के संबंध में पूछताछ, निष्कर्ष और कार्रवाई संबंधित मादक पदार्थ विधि प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा की जाती है। वर्ष 2020 से 2025 (मई तक) की अवधि के दौरान, स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने 116 बड़े मामले दर्ज किए हैं जिनमें 109318 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। एनसीबी ने निरंतर आपूर्तिकर्ताओं, प्राप्तकर्ताओं और वाहकों को गिरफ्तार करने पर ध्यान केंद्रित किया है। इसके अलावा, मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क के वित्तीय ढांचे को खत्म करने के उद्देश्य से सभी प्रमुख मामलों में वित्तीय जांच की जाती है। बार-बार अपराध करने वालों के मामले में, स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थों के अवैध व्यापार की रोकथाम अधिनियम (पीआईटीएनडीपीएस अधिनियम), 1988 में अवैध तस्करी की रोकथाम के प्रावधान के तहत कार्रवाई सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है।

(ग): देश में मादक पदार्थों के सेवन की समस्या की व्यापकता का आकलन करने और इसका पता लगाने के लिए, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय (एमओएसजेई) द्वारा राष्ट्रीय औषधि निर्भरता उपचार केंद्र (एनडीडीटीसी), एम्स, नई दिल्ली के माध्यम से 'भारत में मादक पदार्थों के सेवन की व्यापकता' विषय पर एक व्यापक एवं राष्ट्रीय स्तर का सर्वेक्षण किया गया था, जिसे वर्ष 2019 में प्रकाशित किया गया था। सर्वेक्षण के अनुसार, वर्तमान में विभिन्न मनःप्रभावी पदार्थों का उपयोग करने वाले वयस्कों और बच्चों की व्यापकता (% में) और अनुमानित संख्या निम्नानुसार है:

| मादक पदार्थ | बच्चे और किशोर (10-17 वर्ष) | | वयस्क (18-75 वर्ष) | |
|---|---|---|---|---|
| | व्यापकता (% में) | उपयोगकर्ताओं की अनुमानित संख्या | व्यापकता (% में) | उपयोगकर्ताओं की अनुमानित संख्या |
| गांजा | 0.90 | 20,00,000 | 3.30 | 2,90,00,000 |
| ओपिओइड | 1.80 | 40,00,000 | 2.10 | 1,90,00,000 |
| सेडेटिव | 0.58 | 20,00,000 | 1.21 | 1,10,00,000 |
| कोकीन | 0.06 | 2,00,000 | 0.11 | 10,00,000 |
| एटीएस | 0.18 | 4,00,000 | 0.18 | 20,00,000 |
| मतिभ्रमकारी दवाएं | 0.07 | 2,00,000 | 0.13 | 20,00,000 |

स्रोत: सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय

**लोक सभा अता.प्र.सं. 328, दिनांक 22.07.2025**

(घ): भारत को नशा मुक्त राष्ट्र बनाने के लिए मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अपने अभियान के तहत सरकार विभिन्न उपाय कर रही है, जिनमें से कुछ निम्नानुसार हैं: -

(i) स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985, स्वापक औषधियों, मन:प्रभावी पदार्थों और नियंत्रित पदार्थों की अवैध तस्करी से निपटने के लिए कड़े उपायों और दंड का प्रावधान करता है। सरकार ने 134 स्वापक औषधियों (धारा 2(xi)(ख) के अंतर्गत), 173 मन:प्रभावी पदार्थों (धारा 3 के अंतर्गत), और 45 नियंत्रित पदार्थों (धारा 9क के अंतर्गत) को जनहित में उनके उपयोग को विनियमित या प्रतिबंधित करने हेतु सूचीबद्ध किया है, साथ ही वैध चिकित्सा एवं वैज्ञानिक उद्देश्यों के लिए उनकी उपलब्धता सुनिश्चित की है।

(ii) एक चार-स्तरीय नार्को-समन्वय केंद्र (एनसीओआरडी) तंत्र का गठन किया गया है, जो केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के बीच समन्वय की सुविधा प्रदान करता है।

(iii) सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) की स्थापना की गई है, जो स्थानीय स्तर पर प्रवर्तन के लिए एनसीओआरडी सचिवालय के रूप में भी कार्य करती है।

(iv) मादक पदार्थों की बड़ी जब्ती की जांच की निगरानी करने के लिए महानिदेशक, स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) की अध्यक्षता में एक संयुक्त समन्वय समिति (जेसीसी) का गठन किया गया है।

(v) स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत सीमा सुरक्षा बलों और रेलवे सुरक्षा बल को सीमाओं पर और रेल मार्गों पर प्रवर्तन के लिए शक्तियां प्रदान की गई हैं।

(vi) स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) नौसेना, तटरक्षक बल, सीमा सुरक्षा बल और राज्य एएनटीएफ आदि जैसी अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर समन्वय करता है, ताकि संयुक्त मादक पदार्थ-रोधी अभियान चलाए जा सकें।

(vii) बंदरगाहों पर मादक पदार्थों का पता लगाने के लिए कंसाइनमेंट की इलेक्ट्रॉनिक स्कैनिंग की जा रही है।

(viii) स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) मादक पदार्थ विधि प्रवर्तन एजेंसियों (डीएलईए) के अधिकारियों को निरंतर प्रशिक्षण प्रदान करता है।

(ix) जाँच और सक्रिय पुलिस व्यवस्था में सहायता करने के लिए गिरफ्तार नार्को-अपराधियों पर राष्ट्रीय एकीकृत डेटाबेस (निदान) पोर्टल शुरू किया गया है।

(x) मादक-पदार्थ निषेध आसूचना केंद्र (मानस) - कॉल, एसएमएस, चैटबॉट, ईमेल या वेब के माध्यम से मादक पदार्थों से संबंधित मामलों की सूचना देने के लिए एक 24x7 टोल-फ्री हेल्पलाइन (1933) स्थापित की गई है।

(xi) स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) मादक पदार्थों की अंतर्राष्ट्रीय तस्करी को रोकने के लिए सक्रिय सूचनाओं के आदान-प्रदान और जांच में सहयोग हेतु म्यांमार, ईरान, बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों तथा अन्य देशों के साथ उच्च-स्तरीय वार्ता करता है।

(xii) देश के सभी जिलों में 10,000 से अधिक मास्टर स्वयंसेवकों के माध्यम से नशा मुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) शुरू किया गया। इस अभियान से 5.51 करोड़ से अधिक युवाओं और 3.43 करोड़ महिलाओं सहित 16.49 करोड़ से अधिक लोग जुड़ चुके हैं।

(xiii) सरकार देश भर में 352 एकीकृत व्यसन पुनर्वास केंद्रों (आईआरसीए), 46 समुदाय आधारित पीयर लेड इंटरवेंशन (सीपीएलआई) केंद्रों, 75 आउटरीच और ड्रॉप इन केंद्रों (ओडीआईसी), 148 व्यसन उपचार सुविधा केंद्रों (एटीएफ) और 138 जिला नशा मुक्ति केंद्रों (डीडीएसी) को वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है।

(xiv) नशा मुक्ति के लिए एक टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 14446 संचालित किया जा रहा है, जो मदद चाहने वाले व्यक्तियों को प्राथमिक परामर्श और तत्काल सहायता प्रदान करता है।

(xv) सरकार अपने स्वायत्त निकाय राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संस्थान (एनआईएसडी) और अन्य सहयोगी एजेंसियों जैसे कि राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी), केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) आदि के माध्यम से छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों सहित सभी हितधारकों के लिए नियमित जागरूकता सृजन और संवेदीकरण सत्र आयोजित करती है।

(xvi) नशा मुक्त भारत अभियान की सहायता करने और जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने के लिए आध्यात्मिक संगठनों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

*******

**लोक सभा अता.प्र.सं. 328 दिनांक 22.07.2025**

**अनुलग्नक-I**

**वर्ष 2018 के दौरान देश में स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के अंतर्गत जब्त किए गए मादक पदार्थों का राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्योरा**

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **जब्त किए गए कुल मादक पदार्थ** | | |
|---|---|---|---|---|
| | | **किग्रा.** | **संख्या** | **लीटर** |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 33930.522 | 0 | 0 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 1869.208 | 874 | 0 |
| 3 | असम | 15485.596 | 163525 | 54346.200 |
| 4 | बिहार | 32442.970 | 20516 | 2053.460 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 36785.864 | 127277 | 3457.720 |
| 6 | गोवा | 79.469 | 0 | 0 |
| 7 | गुजरात | 12780.186 | 27126 | 0 |
| 8 | हरियाणा | 16233.507 | 727425 | 1257.723 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 1072.006 | 160609 | 496.100 |
| 10 | झारखंड | 3463.958 | 1835 | 98.105 |
| 11 | कर्नाटक | 7489.246 | 2871 | 6.000 |
| 12 | केरल | 1378.325 | 21075 | 0.012 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 3118721.420 | 629315 | 570.800 |
| 14 | महाराष्ट्र | 19764.338 | 143022 | 908.800 |
| 15 | मणिपुर$ | 40275.660 | 347309 | 6.544 |
| 16 | मेघालय | 1417.747 | 69592 | 0 |
| 17 | मिजोरम | 250.791 | 100 | 0 |
| 18 | नागालैंड | 2819.686 | 47125 | 300.000 |
| 19 | ओडिशा | 50759.897 | 1628 | 726.000 |
| 20 | पंजाब | 50045.181 | 6397919 | 368.401 |
| 21 | राजस्थान | 111430.200 | 1215771 | 201.860 |
| 22 | सिक्किम$ | 0.015 | 1040 | 5.000 |
| 23 | तमिलनाडु | 12115.702 | 149032 | 0 |
| 24 | तेलंगाना | 6054.095 | 0 | 0 |
| 25 | त्रिपुरा | 62674.611 | 643755 | 23017.800 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 221760.042 | 306740 | 7172146.160 |
| 27 | उत्तराखंड | 1609.563 | 117215 | 0.000 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 31079.905 | 15241 | 15692.604 |
| | **कुल राज्य** | **3893789.710** | **11337937** | **7275659.289** |
| 29 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 67.963 | 0 | 0 |
| 30 | चंडीगढ़ | 51.709 | 5216 | 5.400 |
| 31 | दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव+ | 24.769 | 0 | 0 |
| 32 | दिल्ली | 6145.663 | 738256 | 1120.000 |
| 33 | जम्मू और कश्मीर* | 19353.677 | 87713 | 7997.220 |
| 34 | लद्दाख | - | - | - |
| 35 | लक्षद्वीप | 0.650 | 0 | 0 |
| 36 | पुडुचेरी | 13.541 | 0 | 0 |
| | **कुल संघ राज्य क्षेत्र** | **25657.972** | **831185** | **9122.620** |
| | **कुल (अखिल भारतीय)** | **3919447.682** | **12169122** | **7284781.909** |

स्रोत: क्राइम इन इंडिया, एनसीआरबी
नोट: '+' वर्ष 2018 के लिए पूर्ववर्ती दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव संघ राज्य क्षेत्र के संयुक्त आंकड़े
* वर्ष 2018 के लिए लद्दाख सहित पूर्ववर्ती जम्मू और कश्मीर राज्य के आंकड़े
$ सिक्किम और मणिपुर द्वारा वर्ष 2018 के संशोधित आंकड़े प्रस्तुत किए गए हैं। इसलिए, तुलनात्मक रूप से, इन राज्यों में वर्ष 2018 के लिए एनडीपीएस अधिनियम के तहत मादक पदार्थों की जब्ती के पुराने प्रकाशित आंकड़ों में अंतर हो सकता है।

**लोक सभा अता. प्र.सं. 328 दिनांक 22.07.2025**
**अनुलग्नक-I (जारी)**

**वर्ष 2019 के दौरान देश में स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के अंतर्गत जब्त किए गए मादक पदार्थों का राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्योरा**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | जब्त किए गए कुल मादक पदार्थ | | |
|---|---|---|---|---|
| | | किग्रा. | संख्या | लीटर |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 66669.529 | 160 | 0 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 1993.750 | 0 | 0 |
| 3 | असम | 17352.544 | 1604127 | 7377.658 |
| 4 | बिहार | 5124.761 | 4910 | 675.260 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 19953.225 | 86079 | 1308.500 |
| 6 | गोवा | 85.215 | 2 | 0 |
| 7 | गुजरात | 14923.489 | 4200 | 0 |
| 8 | हरियाणा | 16806.228 | 892131 | 36479.200 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 1763.853 | 200386 | 970.000 |
| 10 | झारखंड | 4073.335 | 3834 | 455.816 |
| 11 | कर्नाटक | 7800.718 | 1705 | 5 |
| 12 | केरल | 2548.475 | 5661 | 0 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 60864.128 | 40839 | 4260.010 |
| 14 | महाराष्ट्र | 20622.717 | 3220 | 4191.712 |
| 15 | मणिपुर $ | 46142.187 | 393309 | 48.324 |
| 16 | मेघालय | 1281.983 | 36 | 79.000 |
| 17 | मिजोरम | 991.189 | 0 | 0 |
| 18 | नागालैंड | 1732.271 | 260849 | 1.134 |
| 19 | ओडिशा | 61993.835 | 0 | 1112.200 |
| 20 | पंजाब | 44239.070 | 10214701 | 1526.716 |
| 21 | राजस्थान | 310732.428 | 1510447 | 206.200 |
| 22 | सिक्किम | 16.798 | 0 | 0 |
| 23 | तमिलनाडु | 28757.502 | 420 | 0 |
| 24 | तेलंगाना | 13278.093 | 264 | 0 |
| 25 | त्रिपुरा | 15858.949 | 2156754 | 858528.820 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 272197.319 | 1355373 | 10791849.820 |
| 27 | उत्तराखंड | 2073.105 | 52149 | 94.000 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 36834.860 | 400747 | 21316.335 |
| | **कुल राज्य** | **1076711.556** | **19192303** | **11730485.705** |
| 29 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 121.999 | 11761 | 78.200 |
| 30 | चंडीगढ़ | 398.727 | 15098 | 2.400 |
| 31 | दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव+ | 0 | 0 | 0 |
| 32 | दिल्ली | 7895.937 | 1465832 | 3000.000 |
| 33 | जम्मू और कश्मीर* | 26517.388 | 164428 | 2133.300 |
| 34 | लद्दाख | | | |
| 35 | लक्षद्वीप | 0.466 | 0 | 0 |
| 36 | पुडुचेरी | 0 | 0 | 0 |
| | **कुल संघ राज्य क्षेत्र** | **34934.517** | **1657119** | **5213.900** |
| | **कुल (अखिल भारतीय)** | **1111646.073** | **20849422** | **11735699.605** |

स्रोत: क्राइम इन इंडिया, एनसीआरबी
नोट: '+' वर्ष 2019 के लिए पूर्ववर्ती दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव संघ राज्य क्षेत्र के संयुक्त आंकड़े
* वर्ष 2019 के लिए लद्दाख सहित पूर्ववर्ती जम्मू और कश्मीर राज्य के आंकड़े
$ मणिपुर द्वारा वर्ष 2019 के संशोधित आंकड़े प्रस्तुत किए गए हैं। इसलिए, तुलनात्मक रूप से, राज्य में वर्ष 2019 के लिए एनडीपीएस अधिनियम के तहत मादक पदार्थों की जब्ती के पुराने प्रकाशित आंकड़ों में अंतर हो सकता है।

**लोक सभा अता. प्र.सं. 328 दिनांक 22.07.2025**
**अनुलग्नक-I (जारी)**

**वर्ष 2020 के दौरान देश में स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के अंतर्गत जब्त किए गए मादक पदार्थों का राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्योरा**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | जब्त किए गए कुल मादक पदार्थ | | |
|---|---|---|---|---|
| | | किग्रा. | संख्या | लीटर |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 106042.775 | 0 | 0 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 4032.540 | 0 | 0 |
| 3 | असम | 9256.162 | 1138466 | 8554.800 |
| 4 | बिहार | 13162.231 | 333 | 5933.700 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 29743.484 | 96445 | 988.310 |
| 6 | गोवा | 149.542 | 0 | 0 |
| 7 | गुजरात | 13213.214 | 33030 | 894.325 |
| 8 | हरियाणा | 24695.602 | 1666911 | 2197.800 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 3899.779 | 3210547 | 14.000 |
| 10 | झारखंड | 8830.645 | 4882 | 345.230 |
| 11 | कर्नाटक | 21729.793 | 12246 | 1.610 |
| 12 | केरल | 3060.459 | 1444 | 2.100 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 58084.552 | 279760 | 13611.300 |
| 14 | महाराष्ट्र | 28832.304 | 66027 | 519.100 |
| 15 | मणिपुर $ | 1355.763 | 1117388 | 5908.020 |
| 16 | मेघालय | 989.816 | 4234 | 2.000 |
| 17 | मिजोरम | 617.735 | 470 | 13.280 |
| 18 | नागालैंड | 791.676 | 179373 | 76.600 |
| 19 | ओडिशा | 81847.001 | 0 | 0 |
| 20 | पंजाब | 37364.676 | 44649858 | 4517.190 |
| 21 | राजस्थान | 148602.246 | 3285638 | 64.820 |
| 22 | सिक्किम $ | 0.585 | 19 | 0 |
| 23 | तमिलनाडु | 298785.294 | 5554 | 0 |
| 24 | तेलंगाना | 19708.291 | 509 | 150.000 |
| 25 | त्रिपुरा | 14007.145 | 539241 | 10436.620 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 327420.562 | 1401062 | 965896.170 |
| 27 | उत्तराखंड | 1848.326 | 450215 | 24.000 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 25509.802 | 363396 | 40627.132 |
| | **कुल राज्य** | **1283582.000** | **58507048** | **1060778.107** |
| 29 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 159.235 | 921 | 0 |
| 30 | चंडीगढ़ | 95.953 | 5501 | 5.780 |
| 31 | दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव | 7.360 | 0 | 0 |
| 32 | दिल्ली | 5483.247 | 123220 | 2558.000 |
| 33 | जम्मू और कश्मीर | 27361.353 | 618361 | 40890.110 |
| 34 | लद्दाख | 0 | 0 | 0 |
| 35 | लक्षद्वीप | 0.936 | 0 | 0 |
| 36 | पुडुचेरी | 77.155 | 0 | 0 |
| | **कुल संघ राज्य क्षेत्र** | **33185.239** | **748003** | **43453.890** |
| | **कुल (अखिल भारतीय)** | **1316767.239** | **59255051** | **1104231.997** |

स्रोत: क्राइम इन इंडिया, एनसीआरबी
$ सिक्किम और मणिपुर द्वारा वर्ष 2020 के संशोधित आंकड़े प्रस्तुत किए गए हैं। इसलिए, तुलनात्मक रूप से, इन राज्यों के लिए वर्ष 2020 के लिए एनडीपीएस अधिनियम के तहत मादक पदार्थों की जब्ती के पुराने प्रकाशित आंकड़ों में अंतर हो सकता है।

**लोक सभा अता. प्र.सं. 328 दिनांक 22.07.2025**
**अनुलग्नक-I (जारी)**

**वर्ष 2021 के दौरान देश में स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के अंतर्गत जब्त किए गए मादक पदार्थों का राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्योरा**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | जब्त किए गए कुल मादक पदार्थ | | |
|---|---|---|---|---|
| | | किग्रा. | संख्या | लीटर |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 191712.574 | 58 | 0 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 3528.944 | 0 | 0 |
| 3 | असम | 17156.703 | 4305100 | 496987.615 |
| 4 | बिहार | 35454.469 | 60769 | 4825.330 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 27884.969 | 359714 | 487.930 |
| 6 | गोवा | 136.711 | 0 | 0 |
| 7 | गुजरात | 21307.037 | 8622 | 92.300 |
| 8 | हरियाणा | 21313.606 | 1037457 | 695.100 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 4455.151 | 5668585 | 82.000 |
| 10 | झारखंड | 20799.734 | 2320 | 951.400 |
| 11 | कर्नाटक | 8479.963 | 14206 | 6.260 |
| 12 | केरल | 4030.893 | 905 | 0 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 68088.000 | 44955 | 6900.600 |
| 14 | महाराष्ट्र | 27986.007 | 190 | 46.540 |
| 15 | मणिपुर $ | 40008.303 | 1192913 | 2108.409 |
| 16 | मेघालय | 986.887 | 19342 | 28.860 |
| 17 | मिजोरम | 215.006 | 35 | 2.700 |
| 18 | नागालैंड | 2187.668 | 149557 | 92.900 |
| 19 | ओडिशा | 169435.890 | 790 | 0 |
| 20 | पंजाब | 38783.170 | 17772675 | 4800.729 |
| 21 | राजस्थान | 142834.881 | 13445789 | 39.300 |
| 22 | सिक्किम | 0.738 | 58541 | 1204.092 |
| 23 | तमिलनाडु | 20354.706 | 10098 | 0 |
| 24 | तेलंगाना | 39360.772 | 220 | 28.670 |
| 25 | त्रिपुरा | 39797.368 | 212801 | 24975.560 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 126657.395 | 3265073 | 267909.500 |
| 27 | उत्तराखंड | 2019.459 | 147672 | 0 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 29414.012 | 401778 | 79273.112 |
| | **कुल राज्य** | **1104391.016** | **48180165** | **891538.907** |
| 29 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 62.384 | 0 | 0 |
| 30 | चंडीगढ़ | 181.107 | 18290 | 18.200 |
| 31 | दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव | 14.570 | 0 | 0 |
| 32 | दिल्ली | 9921.298 | 42278 | 0 |
| 33 | जम्मू और कश्मीर | 22082.414 | 171954 | 4069.230 |
| 34 | लद्दाख | 403.078 | 0 | 0 |
| 35 | लक्षद्वीप | 2.159 | 0 | 0 |
| 36 | पुडुचेरी | 87.676 | 0 | 0 |
| | **कुल संघ राज्य क्षेत्र** | **32754.686** | **232522** | **4087.430** |
| | **कुल (अखिल भारतीय)** | **1137145.702** | **48412687** | **895626.337** |

स्रोत: क्राइम इन इंडिया, एनसीआरबी

$ मणिपुर द्वारा वर्ष 2021 के लिए संशोधित आंकड़े प्रस्तुत किए गए हैं। इसलिए, तुलनात्मक रूप से, वर्ष 2021 के लिए राज्यों के लिए एनडीपीएस अधिनियम के तहत मादक पदार्थों की जब्ती के पुराने प्रकाशित आंकड़ों में अंतर हो सकता है।

**लोक सभा अता. प्र.सं. 328 दिनांक 22.07.2025**
**अनुलग्नक-I (जारी)**

**वर्ष 2022 के दौरान देश में स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के अंतर्गत जब्त किए गए मादक पदार्थों का राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्योरा**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | जब्त किए गए कुल मादक पदार्थ | | |
|---|---|---|---|---|
| | | किग्रा. | संख्या | लीटर |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 169223.567 | 11803 | 0 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 3533.650 | 0 | 0 |
| 3 | असम | 49515.645 | 5281488 | 4397079.600 |
| 4 | बिहार | 31985.903 | 47437 | 18237.900 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 25427.599 | 519809 | 44403.200 |
| 6 | गोवा | 206.840 | 0 | 0 |
| 7 | गुजरात | 29230.550 | 185 | 1242.680 |
| 8 | हरियाणा | 24949.364 | 878887 | 980.450 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 943.433 | 94208 | 225.500 |
| 10 | झारखंड | 37322.623 | 4601 | 257.950 |
| 11 | कर्नाटक | 10577.238 | 2820 | 34.000 |
| 12 | केरल | 5639.273 | 2808 | 0.043 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 70722.635 | 35655 | 6702.520 |
| 14 | महाराष्ट्र | 20185.509 | 22672 | 5240.308 |
| 15 | मणिपुर | 18454.016 | 834967 | 3461.830 |
| 16 | मेघालय | 3993.255 | 19325 | 28.900 |
| 17 | मिजोरम | 388.530 | 0 | 63.800 |
| 18 | नागालैंड | 7791.296 | 169433 | 251.560 |
| 19 | ओडिशा | 144181.034 | 0 | 0 |
| 20 | पंजाब | 49421.858 | 6246151 | 5017.200 |
| 21 | राजस्थान | 155161.550 | 684188 | 15.800 |
| 22 | सिक्किम | 24.083 | 24629 | 9.803 |
| 23 | तमिलनाडु | 27509.701 | 76540 | 58.645 |
| 24 | तेलंगाना | 31771.630 | 512 | 100.370 |
| 25 | त्रिपुरा | 61795.360 | 155423 | 12294.500 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 1051997.001 | 933689 | 76593.980 |
| 27 | उत्तराखंड | 1492.520 | 155201 | 307.000 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 23897.767 | 631624 | 67182.860 |
| | **कुल राज्य** | **2057343.430** | **16834055** | **4639790.399** |
| 29 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 60.679 | 325 | 2.600 |
| 30 | चंडीगढ़ | 360.005 | 2627 | 0 |
| 31 | दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव | 11.154 | 0 | 0 |
| 32 | दिल्ली | 5512.448 | 353168 | 0 |
| 33 | जम्मू और कश्मीर | 17192.409 | 300776 | 956.100 |
| 34 | लद्दाख | 0.735 | 0 | 0 |
| 35 | लक्षद्वीप | 4.228 | 0 | 0 |
| 36 | पुडुचेरी | 90.448 | 20 | 0 |
| | **कुल संघ राज्य क्षेत्र** | **23232.106** | **656916** | **958.700** |
| | **कुल (अखिल भारतीय)** | **2080575.536** | **17490971** | **4640749.099** |

स्रोत: क्राइम इन इंडिया, एनसीआरबी

**लोक सभा अता. प्र.सं. 328 दिनांक 22.07.2025**
**अनुलग्नक-II**

**वर्ष 2018 से 2022 ** के दौरान स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत व्यक्तिगत उपयोग/उपभोग के लिए मादक पदार्थ रखने और तस्करी के लिए मादक पदार्थ रखने के लिए दर्ज किए गए मामलों की राज्यवार और वर्ष-वार संख्या**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2018 | 2019 | 2020 | 2021 | 2022 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 534 | 717 | 866 | 1635 | 1391 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 122 | 124 | 132 | 264 | 306 |
| 3 | असम | 478 | 841 | 983 | 2291 | 2902 |
| 4 | बिहार | 615 | 697 | 964 | 1469 | 1823 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 712 | 707 | 875 | 1123 | 1155 |
| 6 | गोवा | 222 | 218 | 147 | 121 | 153 |
| 7 | गुजरात | 150 | 289 | 308 | 461 | 508 |
| 8 | हरियाणा | 2587 | 2677 | 3060 | 2741 | 3815 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 1342 | 1439 | 1538 | 1537 | 1516 |
| 10 | झारखंड | 237 | 242 | 415 | 609 | 464 |
| 11 | कर्नाटक | 1030 | 1652 | 4054 | 5787 | 6399 |
| 12 | केरल | 8724 | 9245 | 4968 | 5695 | 26619 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 1874 | 3432 | 3155 | 4068 | 4811 |
| 14 | महाराष्ट्र | 12195 | 14158 | 4714 | 10087 | 13830 |
| 15 | मणिपुर | 381 | 338 | 304 | 354 | 518 |
| 16 | मेघालय | 81 | 117 | 76 | 69 | 116 |
| 17 | मिजोरम | 164 | 160 | 97 | 122 | 245 |
| 18 | नागालैंड | 66 | 142 | 115 | 154 | 242 |
| 19 | ओडिशा | 573 | 980 | 1179 | 1642 | 1891 |
| 20 | पंजाब | 11654 | 11536 | 6909 | 9972 | 12442 |
| 21 | राजस्थान | 1862 | 2592 | 2743 | 2989 | 3821 |
| 22 | सिक्किम | 7 | 20 | 19 | 52 | 41 |
| 23 | तमिलनाडु | 3717 | 4329 | 5403 | 6852 | 10385 |
| 24 | तेलंगाना | 311 | 464 | 509 | 1346 | 1279 |
| 25 | त्रिपुरा | 431 | 316 | 307 | 357 | 562 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 8821 | 10198 | 10852 | 10432 | 11541 |
| 27 | उत्तराखंड | 1064 | 1396 | 1282 | 1762 | 1440 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 1479 | 1421 | 1626 | 1890 | 1608 |
| | **कुल राज्य** | **61433** | **70447** | **57600** | **75881** | **111823** |
| 29 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 49 | 133 | 55 | 28 | 52 |
| 30 | चंडीगढ़ | 178 | 226 | 134 | 89 | 182 |
| 31 | दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव+ | 3 | 0 | 5 | 6 | 11 |
| 32 | दिल्ली | 507 | 712 | 748 | 566 | 1179 |
| 33 | जम्मू और कश्मीर* | 938 | 1173 | 1222 | 1681 | 1837 |
| 34 | लद्दाख | 0 | 0 | 2 | 5 | 8 |
| 35 | लक्षद्वीप | 8 | 4 | 4 | 3 | 3 |
| 36 | पुडुचेरी | 21 | 26 | 36 | 72 | 141 |
| | **कुल संघ राज्य क्षेत्र** | **1704** | **2274** | **2206** | **2450** | **3413** |
| | **कुल (अखिल भारतीय)** | **63137** | **72721** | **59806** | **78331** | **115236** |

स्रोत: क्राइम इन इंडिया एनसीआरबी
नोट: '+' वर्ष 2018 और 2019 के दौरान पूर्ववर्ती अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह तथा दमण एवं दीव संघ राज्य क्षेत्र के संयुक्त आंकड़े
'*' वर्ष 2018 और 2019 के दौरान लद्दाख सहित पूर्ववर्ती जम्मू और कश्मीर राज्य के आंकड़े
** प्रकाशित आंकड़े 2022 तक उपलब्ध